## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला जेल में सप्ताह पर्यंत कार्यक्रम आयोजित



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 जयंती के अवसर पर जिला जेल रायगढ़ में 2 से 7 अक्टूबर तक सप्ताह पर्यंत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक राधेश्याम श्रीवास्तव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रेरक संस्मरण एवं उनके रोचक प्रेरणादायक उदाहरण बंदियों को सुनाया। प्रदेश अल्प संख्यक विभाग के वाईस चेयरमेन शेख ताजिम ने महात्मा गांधी के जीवन परिचय के संबंध में बंदियों को जानकारी दी। इस अवसर पर झाराशिल्प प्रभारी भरथरीलाल चौहान, जेल अधीक्षक एन.के.डहरिया, शिक्षक हेमंत नामदेव, आशीष बाजपेयी, प्रहरी श्रवण कुमार पैंकरा, शिवचरण राठिया, नरेन्द्र कुमार एवं जेल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फिनों पेमेंट बैंक खोलने के 65 हजार की ठगी, जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम कोडासिंया थाना लैलूंगा में रहने वाला अनुप कुमार बंजारा पिता जय प्रकाश बंजारा उम्र 30 वर्ष कियोस्क बैंक कोडासिंया में कम्प्यूटर ऑपरेटर का कार्य करता है। अनुप बंजारा स्वयं कियोस्क बैंक खाता खोलने के लिए ऑन लाईन आवेदन किया। जिस पर उसे फिनों पेमेंट बैंक की ओर से फोन आया। कॉलर ने पहले रजिस्ट्रेशन के लिए 3800/- और फिर डिवाईस और अकाउंट ओपनिंग के लिए 12000/- उसके बाद सेटलमेंट एमाउंट के लिए 50000/- मांगा गया है। जिसे अनुप बंजारा ने एसबीआई बैंक के खाता जो साहेब दास के नाम पर रजिस्टर्ड है उसमें जमा किया। अब इसे सिक्योरिटी के नाम से और 36000/- मांगा जा रहा है। तब इसे धोखाधड़ी का अंदेशा हुआ और रूपये वापस दिलाये जाने के लिए थाना लैलूंगा में आज दिनांक 05.10.19 को रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अप.क्र. 216/19 धारा 420 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नाबालिग बालिका लापता, मामला दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी खरसिया में 17 वर्षीय बालिका के लापता होने की रिपोर्ट बालिका की मां द्वारा दर्ज कराया गया है। बालिका की मां बतायी कि दिनांक 03.10.19 को प्रतिदिन की तरह लड़की पढाई करने खरसिया स्कूल गई थी जो शाम में 4 - 5 बजे के बाद भी वापस नहीं आई। पता तलाश करने परिजन स्कूल गये, पता चला कि स्कूल के लंच टाईम के बाद से बालिका स्कूल में वापस नहीं आई है , फिर परिजन अपने रिश्तेदारों तथा आसपास गाँव में पता किये। बालिका का कहीं पता नहीं चला। गुम इंसान रिपोर्ट पर से थाना खरसिया में अपराध क्रमांक 423/19 धारा 363 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सिंघल प्लांट में हेल्फर की मौत, प्रबंधन पर अपराध दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पूंजीपथरा के मर्ग क्रमांक 19/19 धारा 174 जा0फौ0 के जांच पर पाया गया कि मृतक मोहन दास पिता विश्राम दास महंत उम्र 50 वर्ष सा0 बिरकोनी थाना जांजगीर नैला जिला जांजगीर चांपा जो सिंघल प्लांट तराईमाल में फेब्रिकेशन हेल्फर का काम करता था। दिनांक 06.04.19 को दौलत राम कौशिक, निर्धन दास, जयपाल, विमल, पवन, अनिल के साथ काम करते समय 06.15 बजे फर्लिंग लोहे का बना टुकडा करीब 100 एम0एम0 का टूट कर मोहन दास के सिर में गिरा जिससे उसके सिर में गहरा चोंट लगा और उसकी मृत्यु हो गया। मृतक के मृत्यु के संबंध में सिंघल प्लांट तराईमाल प्रबंधन द्वारा उपेक्षापूर्ण आचरण कर उपेक्षा द्वारा पर्याप्त सुरक्षा सामाग्री उपलब्ध नही कराने से मृतक की मृत्यु होना पाये जाने से प्रबंधन के विरूद्ध दिनांक 05.10.19 को अप.क्र. 186/19 धारा 287, 304(ए) भा0द0वि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### महिला का रास्ता रोककर छेड़खानी आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सारंगढ़ में 30 वर्षीय महिला ग्राम भेड़वन के मदन लाल सारथी के विरूद्ध बेईज्जत करने की नियत से हाथ बांह पककर छेड़खानी करने के संबंध में एक लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 03 माह पहले आरोपी मदन सारथी अभद्र कमेंट्स किया था जिसे मजाक कर रहा है कहकर इसका पति समाझाया था। उसके बाद से महिला के पति को मार दूंगा और महिला को रखूंगा कहकर धमकी देता था। दिनांक 04/10/19 के सुबह करीब 09/30 बजे पीड़िता अपना ईलाज करवा के घर आ रही थी तब तालाब के पास मदन लाल सारथी बेइज्जत कर दूंगा कहकर बेइज्जत करने के नियत से हाथ बांह को पकड़कर खिंचने लगा जिससे अपना हाथ छुड़वाकर भाग कर घर आयी। पीड़िता ने बताया कि इसके पूर्व भी पीड़िता के आवेदन पर अप.क्र. 471/19 धारा 354, 354(क)(।)(।।), 506 भा.द.वि. दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बरमकेला पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना बरमकेला के अप.क्र. 178/19 धारा 354 भादंवि के आरोपी आनन्द राम निवासी ग्राम सण्डा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी के विरूद्ध उसके परिवार की एक महिला द्वारा दिनांक 29.09.19 को थाने में पीडिता को घर में अकेली पाकर बेइज्जती करने के नियत से हाथ बाह को पकडने के संबंध मे एक लिखित आवेदन देकर छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

# सरिया पुलिस की जुआ रेड की बड़ी कार्यवाही

# 6 जुआड़ियों से डेढ लाख रूपये जप्त




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक आशीष वासनिक के नेतृत्व में आज दिनांक 05.10.19 को सरिया पुलिस द्वारा सुनियोजित तरीके से आरोपी मुकेश अग्रवाल के घर पर जुआ रेड की कार्यवाही किया गया। मुकेश अग्रवाल के बडे भाई पर सरिया पुलिस द्वारा पूर्व में सट्टा एक्ट की कार्यवाही की गई। सरिया टी.आई. वासनिक को कुछ दिनों पहले ही मुकेश अग्रवाल के घर पर जुआ होने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई थी जिसे पुख्ता करने के लिए टी.आई. वासनिक द्वारा अपने स्टाफ को अग्रसेन वार्ड मुकेश अग्रवाल के घर के आसपास निगाह रखने के लिये तैनात किये थे। सूचना पुख्ता होते ही जुआ रेड टीम बनाकर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर जुआ खेलते 1-प्रकाश उर्फ टीपू पिता नागरमल अग्रवाल 38 वर्ष, 2-मनोज पिता गुलाब चंद अग्रवाल 44 वर्ष, 3-अमित पिता सुरेश अग्रवाल 30 वर्ष, 4- मुकेश पिता भगवान दास अग्रवाल 25 वर्ष, 5-अभिषेक पिता अवधेश श्रीवास्तव 30 वर्ष सभी निवासी सरिया, 6 -सुधीर पिता रूपधर प्रधान 29 वर्ष निवासी महाराजपुर सरिया मिले। जिनके फड एवं पास से 01 लाख 52 हजार रुपये नगद ,ताश पत्ती जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सरिया में अपराध क्रमांक 145/19 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### रायगढ़- रायपुर के मध्य दीपावली-दशहरा के लिए आज से फास्ट पैसेंजर-मेमू की शुरूआत



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में यात्रियों की सुविधा के लिए दीपावली, दशहरा, दुर्गा पूजा के अवसर पर रायपुर से रायगढ़ जाने एवं वापस रायगढ़ से रायपुर आने के लिए गाड़ी संख्या 08760-08761 रायपुर रायगढ़ रायपुर दिल्ली मेमू फास्ट पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 26 फेरों के लिए दिनांक 6 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2019 तक चलाई जा रही है। यह स्पेशल फास्ट पैसेंजर मेमू ट्रेन प्रतिदिन रायपुर से 12.00 बजे छूटेगी एवं 12.37 बजे तिल्दा, 12. 49 बजे हदबंद 13.30 बजे, भाटापारा, बिल्हा 14.05 बजे बिलासपुर 14. 40 बजे, अकलतरा 15. 15 बजे, चांपा 15.56 बजे सक्ति 17.00 बजे रायगढ़ पहुंचेगी एवं पुनः रायगढ़ से 17.45 बजे रायपुर के लिए रवाना होकर 18. 25 बजे सक्ति 18.56 बजे चांपा 19.21 बजे अकलतरा 20.10 बजे बिलासपुर 20.43 बजे बिल्हा 21. 10 बजे भाटापारा 21.25 बजे हथबंद 21.37 बजे तिल्दा एवं 22.20 बजे रायपुर पहुंचेगी।

### ओव्हरलोड ट्रक के चालक को मौके पर समझौता शुल्क नहीं देना पड़ा भारी

**» माननीय कोर्ट ने किया 50 हजार रुपए जुर्माना**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शहर में पेट्रोलिंग दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) आर.के. मिंज द्वारा छातामुड़ा चौक के पास ओवरलोड ट्रक को रोककर समझौता शुल्क अदा करने को कहा गया जिस पर ट्रक का चालक टालमटोल किया , मौके पर ट्रैफिक एडिशनल द्वारा इस्तगासा तैयार करवाकर न्यायालय पेश कराया गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 27.09.2019 के सुबह 10:00 बजे पेट्रोलिंग दौरान एडिशनल एसपी ट्रैफिक मिंज द्वारा ट्रक क्रमांक आर.जे. 27 जीसी - 7986 को ओव्हरलोड देख उसका कांटा कराया गया क्षमता से अधिक लोड होने पर ट्रक के ड्राइवर किशन लाल पिता रत्नलाल उम्र 29 साल निवासी लिम्कुन थाना चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) को समझौता शुल्क मौके पर अदा करने को कहा गया किंतु ड्राइवर समझौता शुल्क अदायगी पर टालमटोल किया जिस पर ट्रैफिक एडिशनल द्वारा ओवरलोड ट्रक के विरुद्ध धारा 113/194,179 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इस्तगासा क्रमांक 8018/19 तैयार करवाकर माननीय न्यायालय पेश कराया गया है। जहां माननीय न्यायालय द्वारा नये केन्द्रीय मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ट्रक चालक को ,रू. 50,000 अर्थ दंड से दंडित किया गया है एवं अतिरिक्त लादान14.820 टन माल उतरवा गया बाद शेष माल, कागजात के वाहन चालक को छोड़ा गया है।

### छ.ग.विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत का दौरा कार्यक्रम



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत 6 अक्टूबर को शाम अड़भार से प्रस्थान कर शाम 5.30 बजे चंद्रपुर आयेंगे एवं मां चंद्रहासिनी देवी के दर्शन करेंगे। तत्पश्चात शाम 6.30 बजे चन्द्रपुर से प्रस्थान कर रात्रि 7 बजे रायगढ़ आयेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

## अपने स्कूल के छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करने पुसौर पुलिस के साथ पहुंची प्रशिक्षु डीएसपी

**» पुलिस महिला रक्षा टीम का बाल विद्या मंदिर एवं ग्राम टारपाली के शासकीय स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम**

**» एस.डी.ओ.पी. खरसिया द्वारा ग्राम गुरदा में आयोजित की गई ग्राम सभा**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर जिले के सभी थानाक्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिससे पुलिस व आमजन के बीच बेहतर संवाद हो, आमजन शांति व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करें तथा विशेषकर नाबालिग बेझिझक अपनी बातें पुलिस के पास रख सकें। इसी क्रम में आज दिनांक 05.10.19 को थाना प्रभारी पुसौर द्वारा पुसौर के ग्राम्य भारतीय आदर्श शाला में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर उप पुलिस अधीक्षक के पद पर चयनित होने वाली सुश्री ललिता मेहर को बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिये विशेषकर बुलाया गया था। सुश्री ललिता मेहर हाल ही में पुलिस एकाडमी चंदखुरी, रायपुर से प्रशिक्षण उपरांत अवकाश में अपने घर आयी हुई हैं। कार्यक्रम में थाना प्रभारी पुसौर द्वारा उपस्थित करीब 300 छात्र-छात्राओं को सायबर अपराध, यातायात नियमों की जानकारी, डायल 112 के संबंध में जानकारी दिया गया। प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुश्री ललिता मेहर द्वारा अपने उद्बोधन में छात्र-छात्रओं को कड़ी मेहनत और लगन से पढाई कर अपने सपनों को सकार करने की सलाह दिया गया।

ग्राम गुरदा में एस.डी.ओ.पी. खरसिया पिताम्बर पटेल एवं खरसिया स्टाफ द्वारा ग्राम गुरदा में ग्राम सभा आहूत किया गया। ग्राम में गांव के सरपंच , पंच एवं काफी संख्या में महिला-पुरूष एवं बच्चें ग्रामीण उपस्थित हुए। एसडीओपी पटेल द्वारा ग्रामीणों को सायबर क्राइम, विभन्न प्रकार के ठगी करने वाले, फेरीवालों से सावधान रहने, यातायात नियमों का पालन करने के बारे बताया गया तथा जादू-टोना, बाल विवाह के बारे में समझाईस दिया। इस दौरान ग्राम रक्षा समिति गठन भी किया गया है।

पुलिस महिला रक्षा टीम का जागरूकता कार्यकम शा. उच्च. मा. वि.टारपाली तथा भावनी बाल विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। टारपाली स्कूल में एडिशनल एसपी डॉ. राजेंद्र प्रसाद भैया द्वारा बच्चों को बताया गया कि बच्चों को सबसे पहले माता पिता से शिक्षा मिलती हैं उन्ही के संस्कार से ही बच्चों में व्यक्तित्व का विकास होता है। उनका आदर करना चाहिए तथा स्कूलों मे टिचरों का भी सम्मान करना चाहिए। आवंछनीय हरकतों की शिकायतें शिक्षक व पालकों से करने को कहा गया। बाल विद्या मंदिर में डीएसपी श्रीमती गरिमा द्विवेदी, टी.आई. संतोषी ग्रेस, म0आर0 रोजमेरी, इन्दुलता, आराधना पहुंचे थे। डीएसपी श्रीमती गरिमा द्विवेदी द्वारा बच्चों को गुड टच- बैड टच की जानकारी देते हुए वीडियो शॉट दिखाकर समझा या गया। व्हाट्सएप, फेसबुक , ऑनलाइन ठगी, एटीएम ठगी, साइबर एवं पोस्को संबंधी जानकारी दी गई तथा बच्चों को हेल्प लाईन न 112, चाइल्ड लाइन न 1098] 181,100 नम्ब र की जानकारी एवं इसके उपयोग के विषय मे बताया गया। दोनों स्कूलों के बच्चों की संख्या करीब 1561 थी।

### हर बालिका में होती है देवी मां जैसी शक्तियां-जिला पंचायत सीईओ

**» किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं का स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन आज कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार देवी मां में शक्तियां होती है वैसे ही हम सभी में शक्तियां निहित होती है। हमें इन शक्तियों को पहचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती है और परिवार को स्वस्थ रखने के लिए महिलाओं का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. काकोली पटनायक ने कहा कि हमारे स्वास्थ्य पर मोबाईल का गहरा दुष्प्रभाव पड़ता है। रेडिएशन हमारे शरीर पर दुष्प्रभाव डालते है। अतएव मोबाईल का उपयोग कम करना चाहिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी टी.के.जाटवर ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए यह जरूरी है कि खान-पान पर विशेष ध्यान दें। पौष्टिक आहार ले एवं स्वस्थ रहे। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की श्रीमती बीना पुरसेठ ने कहा कि जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी हम बाकी कार्य कर पायेंगे इसलिए अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। इस मौके पर 150 महिलाओं एवं बालिकाओं का हिमोग्लोबिन, शुगर एवं ब्लड प्रेशर का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित थे।

### गांव के मीटिंग दौरान प्रताड़ना से क्षुब्ध व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**» मर्ग जांच बाद प्रताडित करने वाले 03 व्यक्तियों पर जुर्म दर्ज**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर के मर्ग क्रमांक 57/19 धारा 174 जा.फौ. के मृतक रामजी लाल सिदार उम्र 71 वर्ष साकिन सराईपाली के मर्ग जांच में मृतक के लड़का, भतीजा और गवाहों का कथन लिया गया। गवाहों ने बताया कि दिनांक 29.08.19 को गांव सराईपाली में मीटिंग बुलाकर आरोपियान टीकाराम ठेठवार पिता स्व. रामेश्वर ठेठवार उम्र 60 साल, चन्द्रशेखर राठिया पिता रतन राठिया 55 साल, बलवंत चौहान पिता उदयराम चौहान 50 साल तीनों मिलकर मीटिंग में सबके सामने रामजी लाल सिदार को बोले कि गांव की लड़की तुम्हारे ओर से गर्भवती है, तुमको रखना पड़ेगा और तुम्हारे एक एकड़ जमीन को उसके नाम से करो कहकर रामजी लाल को प्रताड़ित, अपमानित किये जिसे रामजी लाल बर्दास्त नहीं कर सका और दिनांक 30.08.19 को अपमानित होकर खम्भा नंबर 571/20 रेल के अप लाईन में जाकर आत्महत्या कर लिया। आरोपीगण के विरूद्ध अप.क्र. 381/19 धारा 306,34 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### विश्व वयोवृद्ध सप्ताह कार्यक्रम आयोजित



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक रायगढ़ गनपत नायक के मार्गदर्शन में विश्व वयोवृद्ध सप्ताह 01 अक्टूबर से 05 अक्टूबर 2019 तक मनाया गया। इस मौके पर आज जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र जतन रायगढ़ परिसर में वयोवृद्ध के लिए निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विकासखण्ड स्तर के स्वास्थ्य केन्द्रों में वयोवृद्ध हेतु विशेष ओपीडी चलाई गई थी। जिले स्तर पर शहरी क्षेत्रों के वयोवृद्धों को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से वयोवृद्धों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कराया गया।

### बरभोना चलित थाना का आयोजन




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम बरभोना में थाना छाल स्टाफ के द्वारा चलित थाना आयोजित कर ग्राम सुरक्षा समिति एवं महिला समिति की बैठक कर ग्रामीणों को चिटफंड,मोबाइल से ठगी,एटीएम से धोखा देने,महिला सबंधित अपराध की जानकारी,ग्राम में शराब बंदी करने,पुलिस का सहयोग करने सबंधित विस्तार से जानकारी दी गई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480